


**PRESS RELEASE**

**LOK SABHA SPEAKER ARRIVES IN BARBADOS FOR 68TH COMMONWEALTH PARLIAMENTARY CONFERENCE (CPC), BEING HELD FROM 5–12 OCTOBER 2025/लोक सभा अध्यक्ष 5-12 अक्तूबर 2025 के दौरान आयोजित हो रहे 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन (सीपीसी) में भाग लेने के लिए बारबाडोस पहुँचे।**

**…**

**LOK SABHA SPEAKER TO CHAIR WORKSHOP ON "LEVERAGING TECHNOLOGY: ENHANCING DEMOCRACY THROUGH DIGITAL TRANSFORMATIONS AND TACKLING THE DIGITAL DIVIDE" TODAY/लोक सभा अध्यक्ष आज "प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग: डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाना एवं डिजिटल डिवाइड को दूर करना" विषय पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करेंगे।**

**…**

**SHRI OM BIRLA TO ALSO ADDRESS THE GENERAL ASSEMBLY OF 68TH CPC ON THE CONFERENCE THEME 'THE COMMONWEALTH: A GLOBAL PARTNER'/श्री ओम बिरला 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन (सीपीसी) की महासभा को 'राष्ट्रमंडल: एक वैश्विक भागीदार' विषय पर भी संबोधित करेंगे।**

**…**

**Bridgetown, Barbados, 8 October 2025:** Lok Sabha Speaker Shri Om Birla, leading an Indian Parliamentary Delegation, has arrived in Bridgetown, Barbados to attend the 68th Commonwealth Parliamentary Conference (CPC) being held from October 5 to 12, 2025. The Commonwealth Parliamentary Conference, one of the largest gatherings of parliamentarians from across the Commonwealth, provides a platform for discussion and exchange of ideas on strengthening democratic institutions, promoting good governance, and addressing global challenges through parliamentary diplomacy and cooperation.

On its arrival, the Indian delegation, headed by Speaker Shri Om Birla, participated in the opening ceremony of the Conference. The Indian Parliamentary Delegation includes Shri Harivansh, Deputy Chairman, Rajya Sabha; Shri Anurag Sharma, MP and CPA Executive Committee Member; Dr. D. Purandeswari, MP and CWP Steering Committee Member; Dr. K. Sudhakar, MP; Smt. Rekha Sharma, MP; Dr.

Ajeet Madhavrao Gopchade, MP; Shri Utpal Kumar Singh, Secretary General, Lok Sabha; and Shri P.C. Mody, Secretary General, Rajya Sabha.

As part of the conference, Speaker Shri Om Birla will today chair a key workshop on the theme: “Leveraging Technology: Enhancing Democracy through Digital Transformations and Tackling the Digital Divide.”

Shri Birla will also address the General Assembly of the 68th CPC on the theme “The Commonwealth: A Global Partner”, highlighting India’s commitment to democratic values, inclusive governance, and parliamentary transparency and global parliamentary cooperation.

Throughout the Conference, seven thematic Workshops will be held on a range of contemporary issues. Members of the Indian delegation, including 36 Presiding Officers from 24 State/UT Legislatures of India, will participate in these Workshops.

During the week-long conference, Shri Birla is also scheduled to hold bilateral meetings with his counterparts from other Commonwealth nations to discuss issues of mutual interest and further enhance parliamentary cooperation.

The 68th CPC, hosted by the Parliament of Barbados and the CPA Barbados branch, brings together more than 600 delegates from over 180 national, state, and provincial legislatures across the Commonwealth under the ‘The Commonwealth– A Global Partner.’

India has been an active participant in the Commonwealth Parliamentary Association’s initiatives and has consistently contributed to strengthening the global democratic dialogue through parliamentary cooperation and capacity building.

**ब्रिजटाउन, बारबाडोस, 8 अक्तूबर 2025:** लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, जो ब्रिजटाउन में आयोजित हो रहे 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन (सीपीसी) में भाग लेने के लिए भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, जॉर्जटाउन, बारबाडोस पहुँच गए हैं। राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन, जो राष्ट्रमंडल देशों के सांसदों के सबसे बड़े सम्मेलनों में से एक है, लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करने, सुशासन को बढ़ावा देने और संसदीय कूटनीति व सहयोग के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने पर चर्चा और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करता है।

अपने आगमन पर, श्री बिरला ने भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के सदस्यों के साथ सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। भारतीय संसदीय शिष्टमंडल में श्री हरिवंश, उपसभापति, राज्य सभा; श्री अनुराग शर्मा, संसद सदस्य और सीपीए कार्यकारी समिति के सदस्य; डॉ. डी. पुरंदेश्वरी, संसद सदस्य और सीडब्ल्यूपी संचालन समिति की सदस्य; डॉ.

के. सुधाकर, संसद सदस्य ; श्रीमती रेखा शर्मा, संसद सदस्य; डॉ. अजीत माधवराव गोपछड़े, संसद सदस्य; श्री उत्पल कुमार सिंह, महासचिव, लोक सभा; और श्री पी.सी. मोदी, महासचिव, राज्य सभा शामिल हैं।

तत्पश्चात्, आज माननीय अध्यक्ष, श्री ओम बिरला एक महत्वपूर्ण कार्यशाला की अध्यक्षता करेंगे जिसका विषय है: "प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग: डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाना एवं डिजिटल डिवाइड को दूर करना" ।

श्री बिरला 68वीं सीपीसी की महासभा को "राष्ट्रमंडल: एक वैश्विक भागीदार" विषय पर भी संबोधित करेंगे, जिसमें वे लोकतांत्रिक संस्थाओं और वैश्विक संसदीय सहयोग को मजबूत करने हेतु भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालेंगे।

सम्मेलन के दौरान, विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर सात विषयगत कार्यशालाएँ आयोजित की जाएँगी। भारत के 24 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के विधानमंडलों के 36 पीठासीन अधिकारियों सहित भारतीय शिष्टमंडल के सदस्यगण इन कार्यशालाओं में भाग लेंगे।

अपनी यात्रा के दौरान, श्री बिरला राष्ट्रमंडल के अन्य देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे, जिनमें परस्पर हित के मुद्दों पर तथा संसदीय सहयोग को और आगे बढ़ाने के संबंध में चर्चा की जाएगी।

68वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन (CPC), जो बारबाडोस की संसद और सीपीए बारबाडोस शाखा द्वारा आयोजित किया गया है, राष्ट्रमंडल के 180 से अधिक राष्ट्रीय, राज्य और प्रांतीय विधायिकाओं से 600 से अधिक प्रतिनिधियों को 'राष्ट्रमंडल – एक वैश्विक साझेदार' की थीम के अंतर्गत एकत्र करता है।

भारत राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (CPA) की पहलों में सक्रिय भागीदार रहा है और संसदीय सहयोग व क्षमता निर्माण के माध्यम से वैश्विक लोकतांत्रिक संवाद को सुदृढ़ करने में लगातार योगदान देता रहा है।